

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

## प्रकृति के इन तीन वरदानों से
# जम्मू-कश्मीर बना धरती का स्वर्ग

जम्मू-कश्मीर को भारत का स्वर्ग बनाने में लद्दाख का भी काफी बड़ा योगदान है क्योंकि लद्दाख जम्मू कश्मीर का सबसे प्रसिद्ध पर्यटक स्थल है। लद्दाख इंडस नदी के किनारे बसी एक खूबसूरत जगह है जहां की खूबसूरती आपको वहीं का बना लेगी। जम्मू-कश्मीर को भारत का स्वर्ग कहा जाता है।

कहते हैं कि जम्मू-कश्मीर की खूबसूरती को ईश्वर का वरदान प्राप्त है। जम्मू-कश्मीर की सुंदरता लगातार बढ़ भी रही है और हर साल यहां आने वाले पर्यटक भी बढ़ते जा रहे हैं। कश्मीर में कई ऐसी जगह हैं जहां आप आपने ट्रिप के दौरान घूमने जा सकते हैं।

**गुलमर्ग**

फूलों की वादियों के लिए मशहूर गुलमर्ग को कश्मीर की शान कहा जाता है। सर्दियों के मौसम में यहां जमकर बर्फबारी होती है और हजारों की तादाद में पर्यटक इस बर्फबारी का लुफ्त उठाने यहां आते हैं। गुलमर्ग जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में लगभग 2730 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। इस खूबसूरत जगह की खोज अंग्रेजों ने अपने हॉलीडे एंजॉय करने के लिए की थी। फिर कश्मीर के अंतिम राजा, राजा युसूफ शाह चक ने इस स्थान की खूबसूरती और शांत वातावरण में मग्न होकर इसका नाम गौरीमर्ग से गुलमर्ग रख दिया।

**लद्दाख**

जम्मू-कश्मीर को भारत का स्वर्ग बनाने में लद्दाख का भी काफी बड़ा योगदान है क्योंकि लद्दाख जम्मू कश्मीर का सबसे प्रसिद्ध पर्यटक स्थल है। लद्दाख इंडस नदी के किनारे बसी एक खूबसूरत जगह है जहां की खूबसूरती आपको वहीं का बना लेगी। लद्दाख को लास्ट संग्रीला, लिटिल तिब्बत, मून लैंड या ब्रोकन मून आदि के नाम से भी जाना जाता है।


**श्रीनगर**

श्रीनगर जम्मू कश्मीर की राजधानी है और सही मायने में इसे भारत की धरती का स्वर्ग कह सकते हैं। श्रीनगर नेचुरल ब्यूटी के लिए दुनिया भर में अपना एक खास मुकाम रखता है। इसे भारत की वेनिस भी कहा जाता है। झेलम नदी के तट पर स्थित खूबसूरत झीलों, महान ऐतिहासिक, धार्मिक और पुरातात्विक महत्व रखने वाला शहर श्रीनगर हर प्रकार के पर्यटन की धुरी पर खरा उतरता है और पर्यटकों का मन-पसंदीदा गंतव्य है।





# अगर भारत में स्कॉटलैंड देखना है तो चले आइये कुर्ग, मन प्रसन्न हो जायेगा



यहां पर आप ट्रैकिंग, फिशिंग और वाइट वॉटर राफ्टिंग का मजा ले सकते हैं। यहां कर्नाटक की सबसे कम जनसंख्या है, इस वजह से आपको शहरी शोर-शराबे और भागदौड़ से अलग शांत माहौल मिलेगा, जो सुकून भरा अनुभव होगा। कहते हैं कि अगर घूमने के लिहाज से देखा जाए तो भारत इतना खूबसूरत है कि विदेश की खूबसूरती आप भूल जाएंगे। हर तरह की खूबसूरती आप भारत में देख सकते हो। यहां के हर राज्य की अपनी खास पहचान है और अलग खूबसूरती। लेकिन आज हम इस लेख में बात करेंगे दक्षिण भारत के कर्नाटक राज्य की एक बेहद ही प्यारी जगह कुर्ग की।

कुर्ग की खूबसूरती को शब्दों में बयां कर पाना थोड़ा मुश्किल है। लेकिन कोशिश की जा सकती है। 'कटे हुए पहाड़ियों से निकले लाल बदरपुर के रास्ते सरसराती हवाएं चारों तरह प्रकृति का निखरा हुआ स्वरूप.. पेड़ों को चीर कर पहाड़ों के रास्ते आपको अपने आगोश में लेने आते हुए सफेद बादल इन बादलों को चाह कर भी आप अपनी ओर आने से नहीं रोक पाएंगे बरसाती मौसम की पानी की बूंदें कब आपको भिगा जाएं इसकी आपको खबर भी नहीं होगी।श् कुर्ग को प्रकृति का वरदान प्राप्त है। इस खूबसूरती को निहारते-निहारते आप की आंखें भी नहीं थकने वालीं क्योंकि आप यहां का एक भी नजारा अपनी आंखों से ओझल नहीं होने देंगे। ये तो थी कुर्ग की प्राकृतिक सुंदरता की बाद अब हम आपको बताते हैं कि अगर आप यहां घूमने आ रहे हैं तो यहां पर क्या-क्या कर सकते हैं और कहां-कहां घूम सकते हैं। कर्नाटक जिले में स्थित कुर्ग को यहां की आम भाषा में कोडगु कहते हैं। कुर्ग पूरे देश के मशहूर टूरिस्ट डेस्टिनेशन में से एक बेहतरीन जगह है जहां पर पर्यटक खूब आना पसंद करते हैं। पहाड़ियों के बीच बसा यह खूबसूरत हरा-भरा जिला आउटडोर एक्टिविटीज के लिए बेहतरीन है। यहां पर आप ट्रैकिंग, फिशिंग और वाइट वॉटर राफ्टिंग का मजा ले सकते हैं। यहां कर्नाटक की सबसे कम जनसंख्या है, इस वजह से आपको शहरी शोर-शराबे और भागदौड़ से अलग शांत माहौल मिलेगा, जो सुकून भरा अनुभव होगा। कुर्ग में घूमने के लिए कई प्रसिद्ध जगह हैं जहां आप घूमने के लिए जा सकते हैं जैसे भगमंदला, तालकावेरी, निसर्ग धाम, दुबेरे, अब्बे वॉटर फॉल, इरुप्पू वॉटर फॉल और नागरहोल नेशनल पार्क शामिल हैं। पुष्पगिरि और ब्रह्मगिरी ट्रैकिंग के लिए फेमस हैं।

# अगर आप अच्छे कुक हैं तो इस तरह कमाएं पैसा और शोहरत

एक बेहतरीन शेफ वही होता है जो पहले से मौजूद चीजों की मदद से हर बार कुछ नया बनाने की क्षमता रखता हो या फिर उन्हीं डिशेज को एक नए अंदाज में पेश कर सके। आइए जानते हैं कुछ बड़ी बातें।

कुछ सालों पहले तक कुकिंग को केवल महिलाओं का कार्य ही समझा जाता था। इतना ही नहीं, कुकिंग को एक सामान्य गृहकार्य समझकर उसे कोई खास तवज्जो नहीं दी जाती थी लेकिन बदलते समय में न सिर्फलोगों की सोच बदली है, बल्कि कुकिंग स्किल्स के जरिए बहुत से लोगों ने नाम व पैसा कमाया है। संजीव कपूर, विकास खन्ना, रणबीर बराड़, पंकज भदौरिया, विकी रतनानी, निशा मधुलिका आदि कुछ ऐसे ही नाम हैं, जिन्होंने महज अपने कुकिंग स्किल्स के जरिए लोगों के दिलों में अपनी एक अलग जगह बनाई है। अगर आप भी स्वाद की बेहतर समझ रखते हैं तो इस क्षेत्र में कॅरियर की राह तलाश कर सकते हैं।

कार्यक्षेत्र

एक शेफका मुख्य कार्य सिर्फ भोजन ही पकाना नहीं होता, बल्कि वह हर सब्जी, मसाले की बारीकी से समझ रखता है। एक बेहतरीन शेफवही होता है जो पहले से मौजूद चीजों की मदद से हर बार कुछ नया बनाने की क्षमता रखता हो या फिर उन्हीं डिशेज को एक नए अंदाज में पेश कर सके। एक शेफके कार्यक्षेत्र में भोजन को बेहतर तरीके से पकाने के साथ-साथ उसे बेहतरीन तरीके से पेश करना भी शामिल होता है।

स्किल्स

एक शेफको भोजन की अच्छी समझ तो होनी चाहिए ही, साथ ही उसे भारत या अन्य देशों में भी लोगों की ईटिंग हैबिट्स या डाइट के बारे में पता होना चाहिए। इसके अतिरिक्त अपने काम के दौरान एक शेफ को कई तरह के इलेक्ट्रिक इंस्ट्रूमेंट्स के साथ काम करना पड़ता है, इसलिए उसे भी सही तरह से ऑपरेट करना आना चाहिए। वहीं उसमें क्रिएटिविटी व



चीजों को अलग तरीके से देखने की क्षमता भी होनी चाहिए ताकि वह बेहद सिंपल इंग्रीडियेंट से भी एक मजेदार डिश पेश कर सके।

योग्यता

इस क्षेत्र में कदम रखने के लिए प्रोफेशनल स्किल्स का होना आवश्यक है। अगर आप भी अपने हाथों के जायके से लोगों को दीवाना बनाना चाहते हैं तो 12वीं के बाद डिप्लोमा इन कलिनरी आर्टस कर सकते हैं या फिर होटल मैनेजमेंट में डिग्री कोर्स करने के बाद भी इस क्षेत्र में कदम रखा जा सकता है।

संभावनाएं

बदलते दौर में, कुकिंग स्किल्स का प्रयोग सिर्फकिचन तक ही सीमित नहीं रह गया है। एक शेफविभिन्न रेस्त्रां, होटल्स व फाइव स्टार में तो जॉब ढूंढ ही सकता है। इसके अतिरिक्त बड़े-बड़े हॉस्पिटल्स, फूड चौनल्स, एयर कैटरिंग यूनिट्स, विभिन्न फूड कंपनी, मल्टीनेशनल कंपनी आदि में जॉब की तलाश कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त एक फूड ब्लॉगर या फूड राइटर के तौर पर भी कार्य किया जा सकता है। वहीं अगर आपके पास थोड़ा पैसा व अनुभव है तो खुद की कैटरिंग कंपनी, टिफिन सर्विसेज या फिर छोटे होटल या फूड स्टॉल्स से शुरूआत की जा सकती है।

**आमदनी:** इस क्षेत्र में आमदनी इस बात पर निर्भर करती है कि आप किस रूप में अपने कॅरियर की शुरूआत कर रहे हैं। मसलन, एक ट्रेनी को शुरूआत में दस से पन्द्रह हजार ही मिलते हैं लेकिन अनुभव मिलने के साथ-साथ सैलरी भी बढ़कर 40 से 50 हजार पहुंच जाती है। वहीं अगर आपने अपना खुद का काम शुरू किया है तो आमदनी आपके द्वारा पेश किए जाने वाले टेस्ट पर निर्भर करेगी।

प्रमुख संस्थान

-आर्मी इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी, बैंगलोर

-द ताज ग्रुप इंस्टीट्यूट ऑफहोटल मैनेजमेंट, औरंगाबाद

-नेशनल काउंसिल फॉर होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी, नई दिल्ली

-ओरिएंटल स्कूल ऑफ होटल मैनेजमेंट, केरल

-आरएन शेट्टी कॉलेज ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी, कोलकाता